तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार 15 जनवरी 2024

12 सीओबी ने किया सिविक एक्शन प्रोग्राम व लगाया ...



12 छात्र-छात्राओं ने चावल-दाल किया एकत्रित वनांचल ...






## खबर संक्षेप

### लाखों के विकास कार्यों का ग्राम कामतेड़ा में लोकार्पण



**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेडा के ग्राम पंचायत कामतेड़ा में देवगुड़ी, घोटुल भवन, अतिरिक्त कक्ष, सामुदायिक शौचालय, रंगमंच भवन का लोकार्पण जिला पंचायत सदस्य दिलीप बघेल, जनपद सदस्य लखेश्वर ध्रुव, रतिराम दुगा कामतेड़ा सरपंच बुधियारिन तेता, सतुउ राम दुग्गा, राजूराम कुमेटी के द्वारा किया गया। जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि बड़ी सौभाग्य की बात है कि आपके ग्राम पंचायत कामतेड़ा में एक साथ लाखों रुपए के विकास कार्यों का निर्माण एवं लोकार्पण करना क्षेत्र में बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रवण यादव, 18 पंचायत के सरपंच संघ अध्यक्ष सुखीराम उसेंडी, केसेकोड़ी सरपंच पीलूराम उसेडी, उपसरपंच राजूराम सलाम, प्रेमलाल, श्रवण नेताम, बरादु राम दुग्गा सहित ग्रामीण महिला व पुरुष शामिल रहे

### नदी में डूबने से महिला की हुई मौत

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत कोठारी निवासी 42 वर्षीय सुकरी बाई पति महंगू राम का इलाज के दौरान मौत हो गई। कोठारी निवासी 36 वर्षीय रजवा रराम सलाम पिता महंगू राम ने पुलिस को बताया कि मृतिका नदी में नहाते समय डूब गई थी, जिसे इलाज के लिए ले जाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### तेंदुआ के हमले से महिला की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत दाबकट्टा के पहाड़ी की जंगल की ओर गई महिला मृतिका दाबकट्टा निवासी 48 वर्षीय कमला बाई कल्लो पति रामसिंग का शरीर और सिर अलग-अलग पड़ा हुआ है। मृतिका के पीठ को तेंदुआ ने खा लिया था, जिसकी जानकारी फारेस्ट व पुलिस विभाग को दे दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस को दाबकट्टा निवासी 50 वर्षीय देमन बाई कल्लो पति चैतराम ने बताया कि 14 जनवरी गांव का शिवलाल कोमरा अपना बैल लेकर खेत पहाड़ी तरफ लकड़ी लेने के लिए गया था। जंगल पहाड़ उपर साड़ी, खुन व बाल को देखा, तब गांव की ओर आकर ग्रामीणो को जानकारी दिया।

### नदी में डूबने से युवक की मौत

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत पटेलपारा नाहगिदा निवासी 19 वर्षीय बलीराम कोमरा पिता मनकूराम का 14 जनवरी कि शाम करीबन 5 बजें मौत हो गया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि युवक नदी में नहाने के लिए गया था। गहरा पानी में जाने से डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# कोदो, कुटकी व रागी की लगातार बढ़ी रही मांग, समर्थन मूल्य में खरीदी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत विकास वनोपज समिति दमकसा में समर्थन मूल्य में कोदो, कुटकी, रागी का खरीदी शुरू हो गया है। वनोपज समितियों द्वारा समर्थन मूल्य में खरीदी की जा रही है। दुर्गुकोंदल के सुदूर अंचलों में किसान इन फसलों में बहुत रूचि लेते हैं। कोदो, कुटकी, रागी फसल पुराने जमाने से पैदा करते आ रहे है। विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत गुडफेल, हिलचुर भुरसा तरहुल, छिदगांव, दमकसा एवं आसपास के अन्य ग्रामों में कोदो, कुटकी रागी की फसल की अच्छी बुवाई इस वर्ष हुआ था। किसान इन फसलो में जैविक खाद का प्रयोग करते हैं इसमें किसी भी के रासायनिक दवाइयों का प्रयोग नहीं करते हैं।

**इन फसलो में जैविक खाद का करते हैं उपयोग, रासायनिक का दवाइयां नहीं**



### पौष्टिक आहार माना जाता है

वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी डीआर कोमरा एवं कृषि विस्तार अधिकारी मनोहर चंद्रवंशी ने बताया है कि दुर्गुकोंदल में बहुतायत से किसान अपने टिकरा में इन फसलों को बुवाई करते है। कोदों, कुटकी और रागी फसल बहुत पौष्टिक आहार माना जाता है।

कृषि विभाग द्वारा कोदो, कुटकी एवं रागी प्रमाणित बीच का वितरण किसनों को किया गया था और साथ ही विभाग द्वारा इन फसलों को अधिक से अधिक रकबा का क्षेत्र बढ़ाने का प्रयास प्रतिवर्ष किया जा रहा है। इस समय पूरे देश में कोदो, कुटकी व रागी की माँग बढ़ी है। इन फसलों का उपयोग आजकल बड़े परिवार के लोग कर रहे है। गेहू से लोगों की रूचि कम होते जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस क्षेत्र में जिस किसान के द्वारा इन फसलों का उत्पादन किया गया है, वे विक्रय के लिए नजदीकी वनोपज समिति से संपर्क कर समर्थन मूल्य में विक्रय कर सकते हैं। सरकार ने इन फसलों को खरीदने के लिए सर्मथन मूल्य भी तय कर रखा है, इससे किसानों को धान फसल से ज्यादा लाभ होना तय है।

## प्राण-प्रतिष्ठा : मंदिरों में भजन-कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण की तैयारी

# राम के स्वागत में रमे कई संगठन व समूह, घर-घर पहुंच रहा आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर भगवान श्री राम की जन्मभूमि पर 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिलेवासियों में काफी उत्साह है। इसे लेकर जगह-जगह तैयारियां शुरू होने के साथ लोगों को घर-घर आमंत्रण पहुंच रहा है। अयोध्या धाम के नए मंदिर में विराजने के साथ ही दिवाली पूरे देश भर में मनेगी। शहर के सभी मंदिर परिसर को आकर्षक रुप से सजाया जा रहा है। 500 साल बाद यह शुभ दिन देखने को मिल रहा है, प्राण-प्रतिष्ठा के उत्सव के तहत 22 जनवरी को घर-घर में दीप जलाए जाएंगे।

- शिव भक्ति समिति शीतला मंदिर से निकाली रैली
- अयोध्या धाम में विराजेंगे रामलला, यहां मनेगी दिवाली

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर के लोगों में उत्साह है और 1 जनवरी से कई मंडली व समूह सुबह प्रभात फेरी निकालकर इस महोत्सव को मनाने को लेकर संदेश दे रहे है। सुबह 5 बजे से ही शहर का माहौल राम मय हो जा रहा है। सत्संग महाआरती समिति और देव भूमि राजापारा महिला भक्ति समिति के द्वारा 15 जनवरी को भक्ति नृत्य संकीर्तन प्रभात फेरी मां शीतला मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग होते मां कंकालीन माता मेला भाटा में स्तुति करने उपरांत राजापारा प्रभु श्री रामजी के मंदिर में कीर्तन एवं नृत्य किया गया। शासन स्तर पर 22 जनवरी को जिले में वृहद रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन करने के निर्देश विभाग को दिए है। प्रत्येक विकासखंड स्तर से कम से कम ऐसे एक विशिष्ट मंदिर में 22 जनवरी को दीप प्रज्जवलन, दीपदान एवं लाइटिंग व्यवस्था की जाएगी। जिलेभर में भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में मानस मंडलियों को जोड़ा जाना है। संस्कृति विभाग में पंजीकृत मानस मंडलियों को प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्येक मंडली को 5000 रुपएं प्रदाय करने का निर्णय लिया गया है।



### मानस मंडलियों ने कहा 22 के लिए कई बुकिंग

श्रीराम के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव में मानस गायन मंडलियों की पूछ परख भी बढ़ी है। मानस मंडलियों को अभी से एडवांस में रिजर्व रखा गया है। जिलेभर की मानस पार्टी के संचालको ने बताया कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन कई जगहों से मानस गायन हेतु बुकिंग आ रहे है। एक दिन में केवल 3 से 4 ही बुकिंग ले रहे, क्योंकि एक-एक समय में 3-3 घंटा गायन-वादन करने पर ही समय निकल जाता है।

### दीये तैयार करने में जुटे कुम्हार

अयोध्या में जिस तरह से दीपक जलाया जाएगा, उसी तरह सनातनी लोग अपने घरों में दिये जलाएंगे। इसी आशा और विश्वास के साथ कुम्हार भी दिये बनाने में जुट गए है, क्योंकि अचानक से मांग आने पर दिये तैयार नहीं हो पाएंगे, ऐसे में पहले से ही दिये तैयार करने में जुट गए हैं। पंडरीपानी में निवासरत कुम्हारों का कहना है कि अभी मिट्टी के दिए बनाने के लिए कोई आर्डर नहीं आया है, फिर भी जिस तरह से क्षेत्र में माहौल चल रहा है, उसके हिसाब से दिए बनाने का काम शुरू कर दिया गया है।

### अक्षत का आमंत्रण किया जा रहा वितरण

अयोध्या से आए अक्षत-चावल का वितरण और आमंत्रण का घर-घर में वितरण किया जा रहा है। सभी लोगों से अपील की जा रही कि 22 जनवरी को अपने-अपने घर में दीप जलाएं, रंगोली बनाएं, पटाखा फोड़े, साथ ही मिष्ठान का वितरण करें, जिसमें महिलाओं और बच्चों को टोली भी शामिल हो रही है।

### धार्मिक पुस्तकों की डिमांड बढ़ी

कोरोना के बाद लोगों में धर्म के प्रति विश्वास बढ़ा है तथा धार्मिक आस्था में लोग घुलने लगे हैं। अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को लेकर लोगों में उत्सुकता भी है, जिससे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के दिन काई लोग अपने घरों में भी भगवान राम की मूर्ति स्थापित करेंगे। धार्मिक पुस्तकों की डिमांड बढ़ी है। इन दिनों रामायण, गीता पुराण तथा पूजा विधि की पुस्तक की मांग हो रही है।

## पानी चोरी के मामले में किसान को दी जान से मारने की धमकी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

कांकेर थानांतर्गत ग्राम नारा में खेत की जुताई की बात को लेकर एक किसान ने दूसरे के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया। पीड़त का कहना है कि मेरे खेत से लगे सभी किसानो को आरोपी द्वारा रवि फसल बोने के लिए पानी दिया जाता है, लेकिन उसको नही दिया जाता, जिससे उसके खेत में पानी भर जाता है। खेत की जुताई करने के बाद आरोपी ने पानी चोरी करने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दिया, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

नारा निवासी 63 वर्षीय पुरूषोतम राम जैन पिता भागबली राम जैन ने पुलिस को बताया कि गांव मे मेरा व बिसाहू राम जैन पिता केजा राम जैन का खेती जमीन आसपास लगा हुआ है। मैं 14 जनवरी रविवार शाम 4 बजे अपने खेत में खेती काम कर रहा था। उसी समय आरोपी बिसाहू राम जैन जो कि अपने बोर से सभी आसपास के किसानो को अभी वर्तमान मे रबी फसल के लिए पानी देता है, लेकिन मुझे पानी नही देता है। पूर्व मे भी पानी मांगा गया परन्तु उसके द्वारा मना कर दिया। मेरा खेत नीचे होने के कारण खेत मे पानी भर जाता है, जिस कारण मै अपने खेत का जोताई किया। इसी बात को लेकर आरोपी द्वारा मेरे खेत का पानी चोरी करते हो कहते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज करने लगा। मैने आरोपी को समझाया कि जैसा बोल रहे हो, ऐसा नहीं है। उसके बाद भी मेरे साथ विवाद करता रहा।

प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## जिला स्तरीय शाला विकास व प्रबंध समिति प्रशिक्षण में दी गई अहम जानकारी

**कांकेर।** विद्यालयों में शाला विकास व प्रबंध समिति के गठन के लिए दिशा निर्देशों, समिति के पुनर्गठन, समिति के क्रियाकलापों, जन समुदाय को जोड़ने संबंधी जानकारी देने के लिए विकास खंड स्तर के मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिला मिशन संचालक दिनेश नाग द्वारा शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण को अपने संकुलों में सुव्यवस्थित संपन्न करवाने के लिए निर्देशित किया। जिला स्तरीय प्रशिक्षण में बताई गई सारी बिंदुओं को संकुल स्तरीय प्रशिक्षण में बताते हुए सारे विद्यालयों में एसएमसी का अनिवार्यतः गठन कर बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए प्रेरित किया। उक्त जिला स्तरीय एसएमसी प्रशिक्षण में चारों विकासखंड से चयनित दो-दो कुशल सभी मास्टर ट्रेनर्सों को एसएमसी

- एसएमसी का गठन कर बेहतर क्रियान्वयन करें




### माता- पिता को श्रेष्ठ वातावरण देने संबंधी बिंदु बताए

मास्टर ट्रेनर ने श्रेष्ठ पालकत्व पर बात रखते हुए माता पिता के अच्छे व्यवहार, आचार विचार और श्रेष्ठ वातावरण देने संबंधी बिंदुओं को समझाया। उनके द्वारा बालिकाओं को घर के कामों से दूर रख पढ़ाई करवाने, घर में उपस्थित व्यवधान जैसे टीवी, अनापेक्षित आगंतुक, अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण निर्माण, बड़े बुजुर्गों को नौनिहालों से जोड़कर अच्छे संस्कार देने बिंदुओं पर चर्चा किया।

▸▸| शेष पेज 13 पर

## लिलेझर से नाबालिग का अपहरण, पुलिस जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

चारामा थानांतर्गत ग्राम लिलेझर में 14 जनवरी की रात 8 बजे के आसपास नाबालिक लड़की के अपहरण की शिकायत पर चारामा पुलिस ने मामला दर्ज कर नाबालिक की पतासाजी में जुट गई है। चारामा थाना में शिकायत करने पहुँचे ईश्वर राम गोटा ने पुलिस को बताया कि मैं ग्राम लिलेझर का निवासी हूँ और मजदूरी का काम करता हूं। मेरी नाबालिक बेटी जिसकी उम्र 15 साल 08 माह 14 जनवरी की रात्रि लगभग 8 बजे अपनी बहन को वाशरूम जा रही हूं कहकर निकली है, कुछ देर तक वापस कमरे में नहीं आने पर मेरी बड़ी बेटी जाकर देखी तो छोटी बहन वाशरूम में नहीं थी,




तब वह मुझे व परिवार के लोगों को बताया कि छोटी बहन वाशरूम के लिए गई थी, जिसका कही पता नहीं चल रहा है। तब आसपास पता किए और आसपास रिश्तेदारों में पता तलाश किया पता नहीं चला, कहीं पता नहीं चला। मुझे शक है कि मेरी नाबालिक बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर अपहरण कर ले गया है। पुलिस ने अज्ञात आरापियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## ट्रक ने मारी बाइक को ठोकर, साहू समाज के जिला अध्यक्ष की मौत, नाती घायल





हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

साहू समाज के जिलाध्यक्ष गोविंदराम साहू शांति नगर कांकेर के साहू सदन में बैठक खत्म करके वापिस अपने घर परसोदा मोटर सायकल से जा रहे थे। बाईक में पीछे उनका नाती तनुज साहू बैठा था। कोड़ेजुंगा में ट्रक ठोकर मार दिया, जिससे जिलाध्यक्ष की घटनास्थल में मृत्यु हो गई वहीं उनका नाती घायल हो गया, जिसे ईलाज के लिए भर्ती कराया गया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे थाना चारामा के ग्राम परसोदा निवासी 56 वर्षीय दिनेश साहू पिता मिलाप साहू ने पुलिस को बताया कि मैं कोआपरेटिव बैक लखनपुरी में सुपरवाईजर के पद पर पदस्थ हूँ। साहू समाज के जिलाध्यक्ष गोविंदराम साहू 14 जनवरी साहू समाज के जिला कार्यक्रम मे शामिल होने अपने मोटर सायकल सीजी 19 बी 6613 मे सवार होकर साहू सदन शांति नगर कांकेर आए थे। कार्यक्रम मे सम्मिलित होकर वापिस अपने मोटर सायकल में सवार होकर अपने नाती तनुज साहू को पीछे बैठाकर वापिस घर परसोदा जा रहे थे। परसोदा जाते समय शाम करीबन 7 बजे के आसपास कोडेजुंगा चौक के पास पहुचे थे कि ट्रक क्रमाक सीजी 04 जेडी 3687 का चालक अपने वाहन को तेज लापरवाही एंव उपेक्षापूर्ण ढग से चलाकर गोविन्द राम साहू के मोटर सायकल

▸▸| शेष पेज 13 पर

## जिले के सभी विकासखडों में लर्निंग लाइसेंस बनाने लगेगा कैंप

# सुरक्षा जीवन रक्षा रथ को दिखाई हरी झंडी, गांवों में देंगे जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के दृष्टिकोण से यातायात नियम की जानकारी देने के लिए गाँव गाँव घूमने वाले सुरक्षा जीवन रक्षा रथ को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल व जनप्रतिनिधियों ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया और नियमों का पालन नहीं करने वालों को समझाइश देते हुए दुबारा नहीं गल्ती करने का पोस्टर पकड़ाकर फोटो भी खींची गई और उनके परिजनों को भेजा गया।






राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ 15 जनवरी को सायं साढ़े 4 बजे कोमल देव क्लब के सामने पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, भाजपा के पदाधिकारी और प्रतिष्ठित व्यापारियों की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह रथ शहर के प्रत्येक वार्ड के अलावा गाँव गाँव पहुँचकर आमजनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेगा।

कांकेर से हेलमेट रैली निकालकर कांकेर भ्रमण कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जानकारी के अनुसार 16 जनवरी को सड़क सुरक्षा माह में माकड़ी बाजार में परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा की जागरूकता संबंधित पोस्टर एवं पाम्पलेट का वितरण किया जाएगा। 17 जनवरी को राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर कैंप लगाकर वाहन चालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया जाएगा, 18 जनवरी को कांकेर में यातायात थाना के सामने वाहन प्रदुषण जांच शिविर आयोजित किया जाएगा, 19 जनवरी को कोड़ेजुंगा चौक के पास भारी एवं छोटी वाहनों को रोककर रिफ्लेक्टर टेप लगाया जाएगा, 20 जनवरी को कांकेर में लर्निंग लायसेंस कैंप का आयोजन किया जाएगा, 21 जनवरी को परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा कांकेर एवं चारामा ब्लॉक में स्थित सभी शिक्षण संस्थानों की स्कूल बसों की जांच एवं चालक परिचालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र प्रशिक्षण किया जाएगा, 22 जनवरी को नरहरपुर तथा सरोना क्षेत्र में यातायात जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा, 23 जनवरी को चारामा कॉलेज एवं स्कूल में यातायात जागरूकता कार्यक्रम, 24 जनवरी को चारामा में लर्निंग लाईसेंस कैंप का आयोजन, 26 जनवरी को यातायात विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह में सड़क सुरक्षा रथ का प्रदर्शन किया जाएगा, 27 जनवरी को भानुप्रतापपुर में लर्निंग लायसेंस कैप लगेगा, 28 जनवरी को परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा भानुप्रतापपुर ब्लॉक में स्थित सभी शिक्षण संस्थानों की स्कूल बसों की जांच एवं चालक परिचालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र प्रशिक्षण किया जाएगा। इसी तरह से सभी विकासखंडो में कार्यक्रम आयोजित कर 14 फरवरी को समापन किया जाएगा।

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### देव मेला को लेकर शीतला मंदिर में बैठक, 28 को लगेगा



**चारामा।** विकासखण्ड के देव मेला के विषय को लेकर 14 जनवरी को शीतला माता मंदिर में बैठक रखी गई। जिसमें शीतल मंदिर समिति के द्वारा निर्णय लिया गया की देव मेला 28 जनवरी को होगा एवं मेला से पहले माता के जुड़वास पहुंचानी मनाया जाएगा, जो 18 जनवरी को होगा। बैठक में आने वाले त्योहार छेरछेरा पुन्नी को 25 जनवरी को मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में शीतला मंदिर समिति के सभी सदस्यों के साथ वार्डवासी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन, पार्षद धर्मेंद्र कुंजन, रानू सेन, शंकर सिन्हा, शीतला माता मंदिर के पुजारी ठाकुर राम, विनोद साहू,राम साहू, रोशन कुंजम, सूरज कुंजन, पवन सिन्हा, भूपेंद्र सिन्हा, घनश्याम सोनकर, ब्रिज सोनकर, शिवेंद्र निर्मलकर, राजेंद्र ओझा, रामदुलारी नायक उपस्थित रहे।

### पेंशनधारी कल्याण संघ को वाचनालय के लिए नपं अध्यक्ष ने दी सामग्री



**चारामा।** पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील चारामा द्वारा विगत वर्षा से वार्ड क्रमाक 12 में संघ अपने भवन के साथ वाचनालय भी रखा गया है। जिसके लिए पेंशनधारी द्वारा एक सप्ताह पहले नगर के अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन से लोगों को साहित्यिक बुक एवं ज्ञान वर्धक बुक एवं बैठक व्यवस्था के लिए चेयर की मांग किया गया था। जिसे नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन ने पेंशनधारी तहसील के पदाधिकारियों को 20 चेयर प्रदान किया गया। जिस पर तहसील पेंशनर्स कल्याण संघ द्वारा धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया। भविष्य में अन्य जनहित समस्याओं को हल करने पहल किया गया। इस अवसर पर शंकर प्रसाद सिन्हा पार्षद, बबलू नागवंशी, पेंशनधारी कल्याण संघ के पदाधिकारी कन्हैया सिंह ठाकुर, अध्यक्ष मनराखन मरकाम, लीला राम नेताम, लखन सिंह ठाकुर, सत्य नारायण चौहान ,नारद राम सोनवंशी, विश्वभरण ताराम एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओम प्रकाश शर्मा उपस्थित रहे।

### महिलाओं को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

**कांकेर।** स्व सहायता समूह की महिलाओ के लिए मशरूम प्रशिक्षण का आयोजन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय की अखिल भारतीय मशरूम अनुसंधान परियोजनान्तर्गत, कृषि विज्ञान केन्द्र में तीन दिवसीय आयस्टर मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रांरम्भ किया गया, जिसमें परियोजना प्रभारी डॉ. नरेन्द्र लाकपाले द्वारा प्रशिक्षाणार्थियों को मशरूम उत्पादन की तकनीकी बताते हुए मशरूम के स्पान तैयार करने की विधि का प्रयोगिक प्रदर्शन कर प्रशिक्षित किया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने बताया कि मशरूम को व्यवसाय के रूप में अपनाकर किस प्रकार आय व स्वयं के पोषण में वृध्दि कर सकते है एवं प्रशिक्षण में वैज्ञानिक उपेंद्र नाग के द्वारा मशरूम के विभिन्न प्रजातियों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण में सरोना, नवागांव भावगीर, मरापी, मर्दापोटी की 50 महिलाएं सम्मिलित हुए।

### दलपत सागर 21 को दो लाख दीयों से होगा

**जगदलपुर।** दलपत सागर में 21 जनवरी को दीपोत्सव का आयोजन किया जायेगा तैयारी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर विजय दयाराम के. ने समाजसेवी संस्था, सर्व समाज प्रमुखों और प्रबुद्ध नागरिकों से चर्चा की। लगभग दो लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किया जाएगा। इसके लिए दीपों, तेल और बाती की व्यवस्था के लिए कलेक्शन सेंटर, पार्किंग व्यवस्था, ड्रेस कोड, दलपत सागर परिसर में कार्यक्रम उपरांत सफाई सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। दीपों का कलेक्शन के लिए सभी एसएलआरएम सेंटर को चिन्हांकित किया गया जहां पर नागरिक स्वेच्छा से दीप, तेल आदि दे सकते हैं।

# सीओबी ने किया सिविक एक्शन प्रोग्राम व लगाया चिकित्सा जांच शिविर

**साड़ी, कम्बल, फावड़ा, कुल्हाड़ी, स्कूल बैग, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट बैट व बॉल का किया वितरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

81वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल सीओबी ऐटाबालका द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन राजकीय प्राथमिक स्कूल खोरपानी में किया गया। स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को जरूरत के सामान बांटे व साथ में चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया।

कमांडेंट राकेश सिन्हा के निर्देशानुसार सीओबी ऐटाबालका के अंतर्गत आने वाले ग्राम खोरपानी, डोंगापारा और कोदागांव के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर में ग्रामीणों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उन्हें उपयोगी सामग्री जैसे साड़ी, कम्बल, फावड़ा, कुल्हाड़ी, स्कूली बच्चों को स्कूल बैग, वॉलीबॉल, फुटबॉल, क्रिकेट बैट व बॉल, स्टेशनरी सामग्री आदि



का वितरण किया गया । साथ में ग्रामीणों की चिकित्सा जांच कर उनको दवाइयां बांटी गई। जैसे- जैसे सुरक्षाकर्मियों द्वारा दिन प्रतिदिन नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सिविक एक्शन प्रोग्राम किए जा रहे हैं, वैसे वैसे लोगों का विश्वास सुरक्षा बलों के प्रति बढ़ता जा रहा है | सिविक एक्शन के साथ साथ बच्चों को सुरक्षा बल में शामिल होने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया |

सीओबी ऐटाबालका के सिविक एक्शन प्रोग्राम में इंस्पेक्टर राजेश कुमार कार्यवाहक कंपनी कमांडर ऐटाबालका के अथक प्रयास से डॉ. सम्भाकर चिकित्सा अधिकारी सीएचसी अंतागढ़, ममता उइके स्टाफ नर्स टेमरूपानी, अनित उइके सरपंच ग्राम कोदागांव, सतीश वर्मा शिक्षक प्राथमिक शाला डोंगापारा, जय राम हिडामी शिक्षक प्राथमिक शाला खोरपानी, हीरा बाई साहू शिक्षिका प्राथमिक शाला कोदागांव, लखन आचाला वार्डपंच ग्राम- खोरपानी के साथ स्कूल के बच्चे भी उपस्थित रहे।

## पर्व : मकर संक्रांति पर्व का विद्यार्थियों को बताया महत्व

# छात्र-छात्राओं ने चावल-दाल किया एकत्रित वनांचल की विद्यालयों में किया जाएगा दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानुप्रतापपुर में भी मकर संक्रांति का पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें इस पर्व के निमित्त अन्नदान - महादान विषय पर छात्र-छात्राओं को जानकारी भी दिया जाता है। साथ ही साथ 1 किलो चांवल, 1 पाव दाल, दान स्वरूप मंगाया जाता है। जिसे विद्याभारती द्वारा संचालित वनवासी प्रकल्प छात्रावास में भेजा जाता है।

इस संक्रांति के पर्व में विद्यालय में सर्वप्रथम सभी ने मिलकर द्वीप वंदना, सरस्वती वंदना किया गया। विद्यालय के तारा सिन्हा ने मां सरस्वती के छाया चित्र पर नियमानुसार तिल का भोग स्वरूप तिली से बने हुए लड्डू का किया गया। पौराणिक परम्परा में भी कहा गया है कि एक छोटे से तिल को एकत्रित करके एक बड़ी रूप बनाते है। उसी प्रकार हम मानवों को भी एकजुट होकर कार्य करनी चाहिए। इससे एकता होने की प्रेरणा मिलती है। इस पर्व में अनेक गाथाओं का भी जिक्र किया गया जो मकर संक्रांति की महत्व को बढ़ाती है और पर्व के अभिन्न हिस्सों में से एक है।



### बच्चों को दान के लिए करते हैं प्रेरित

संस्था के प्राचार्य थानुराम सिन्हा ने कहा कि एक वनांचल विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे गरीब छात्र- छात्राओं को दान स्वरूप प्रोत्साहन किया जाता है। जिससे उनमें कुछ हासिल करने और कुछ करने की जज्बा पैदा होता है। इस पर्व में प्राचार्य थानुराम सिन्हा, प्रधानाचार्य प्रमोद साहू, श्रीमती शकुंतला सिंह, सुनीता साहू, सरला साहू, तारा सिन्हा, प्रियंका चौहान, भावना सिन्हा, महेंद्र सोनवानी, सुकदेव जैन, संजय दास, सियाराम यादव, रवि दुग्गा और सभी कक्षा के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी छात्र-छात्राओं ने इस पर्व के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें कक्षा सप्तम की धारणा सिन्हा ने तिल का उपयोग, पर्व का महत्व, और सभी शुभकामनाएं भी दिए। विद्यालय के प्रियंका सिंह चौहान ने मकर संक्रान्ति का पर्व को मनाने के पीछे छुपे पौराणिक कथा के बारे में बताकर सभी को अवगत कराए जिससे जानकारी और बढ़ गई । गंगा स्नान करने का महत्व के बारे में बताए जिसकी शुभ दिन मकर संक्रांति के दिन को ही माना गया है।

शिव जी ने गंगा के प्रवाह को रोकने के लिए स्वयं के जटाओं में धारण किया था जिसकी वजह से ही शिव जी का पूजन किया जाता है गंगाजल एवं गुड़ तिल चढ़ाया जाता है। अजय कुमार मंडावी ने इस पर्व का प्राकृतिक प्रक्रिया को बताए जिसमें पृथ्वी का 6 महीने के समय अवधि के उपरांत दक्षिण से उत्तर की ओर वलन होता है। और सूर्य का जनवरी महीने के चौदहवें या पंद्रहवे दिन धनु राशि से मकर राशि की ओर प्रस्थान करने के कारण संक्रांति को मनाया जाता है। चूंकि यह पर्व पूरे भारत देश के लिए एक प्रमुख पर्व है।

# हरनपुरी से पंडीपारा तक पक्की सड़क बनाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरर

- तीन किलोमीटर कच्चे मार्ग को बनाने कई बार ग्रामीण दे चुके आवेदन

जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत हरनपुरी से पंडीपारा मुख्य मार्ग कोरर-चारामा मार्ग तक लगभग तीन किलोमीटर कच्ची मार्ग को पक्की सड़क बनाने की मांग ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही है। लेकिन अब तक मांग पूरी नहीं हो पाया है।

ग्रामीणों ने बताया कि अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों के सड़कें पक्की बन रही है। लेकिन हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के इस कच्ची मार्ग को पक्की सड़क बनाने हेतु अनेक बार आवेदन दे चुके हैं। पर अभी तक इस मार्ग पर पक्की सड़क नहीं बनाई गई। ग्रामीणजन शासन प्रशासन से पुनः मांग करते कि इस मार्ग को शीघ्र पक्की सड़क बनाए ताकि इस क्षेत्र के पढ़ाई कर रहे छात्र छात्राओं व किसानों,आम जनों को सुविधा मुहैया हो सके। क्योंकि बारिश के दिनों में यह मार्ग कीचड़ से भरा रहता है, पैदल चलना भी मुश्किल रहता है। रुखमणी गोटा सरपंच,मयाराम जैन उपसरपंच,पंचगण में गोविंद हिडको, आनंद हिडको,पंचूराम,गुहाराम, श्रीमती मनभा पोया, खिलेश्वरी टेमंरिया,उमा पोया, दुलारी बाई गोटी,मकतुला यादव,मीरा बाई उयके आदि ने ग्राम हरनपुरी-पंडीपारा से मुख्य मार्ग तक तीन किलोमीटर शीघ्र पक्की सड़क बनाने की मांग हेतु आवेदन देने के लिए समस्त ग्रामीण कलेक्टर कांकेर के पास जाने की बातें कहीं।

# कोटवार, पुजारी व ग्राम के गायता का थाना प्रभारी ने ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा

- अपराधों को रोकने में मदद करने की अपील की

विकासखंड के सभी कोटवारों, शीतला मंदिर के पुजारी, ग्राम के गायता की बैठक परिसर में थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता ने लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत में अपराधों पर लगाम लगाने बीते विधानसभा में कोटवारों और ग्रामीणों का पूर्ण रूप से पुलिस विभाग को सहयोग प्रदान किए जाने पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में भी सहयोग प्रदान करने, साइबर क्राइम के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता लाने को लेकर आयोजित की गई थी।

थाना प्रभारी जितेंद्र गुप्ता ने उपस्थित सभी कोटवारों को उनके द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए फिर से तैयारी करते हुए चुनाव को संपन्न कराने की बात कही। वहीं उन्होंने आगे बताया कि इन दिनों ग्राम पंचायत में कई जगह पर अवैध रूप से शराब बनाया एवं विक्रय किया जा रहा है। ताश जुआ जैसे अपराध हो रहे हैं, जिसे रोकने में भी पुलिस की मदद करें, ग्रामीणों को नशापन से दूर रहने के लिए लोगों को जागरूक करने में सहयोग प्रदान करें। साथ ही आजकल साइबर क्राइम बढ़ रहे हैं। अक्सर फोन में विभिन्न प्रकार की जानकारी दिए जाने के कारण लोगों के साथ ठगी एवं अन्य घटनाएं घटित हो रही हैं, जिसको लेकर भी लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। वाहनों से जुड़े नियम सहित चोरी, आगजनी व अन्य की सुरक्षा बिंदुओं पर थाना प्रभारी के द्वारा कोटवारों को जानकारी देकर इन सभी जानकारी को ग्रामीणों तक पहुंचाने के अपील की। हर तरह के अपराध की जानकारी चारामा थाना में देने की भी बात कही। इस दौरान थाना चारामा के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नवयुवक ग्रामीण स्तरीय कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन



- महिला वर्ग कबड्डी में डौडी, पुरुषों में सोनपाल रहा विजेता

**दुर्गुकोंदल।** नवयुवक ग्रामीण स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिता ग्राम पंचायत खुटगांव के आश्रित ग्राम दोडदे के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय ग्रामीण स्तरीय कबड्डी, वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 14 जनवरी तक आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में महिला वर्ग कबड्डी में प्रथम डौडी, द्वितीय दौडदे, तृतीय डांगरा, चतुर्थ कोदागांव रहा। पुरुष वर्ग कबड्डी में प्रथम सोनपाल, द्वितीय हाटकोदल, तृतीय नाहगीदा, चतुर्थ दोडदे रहा। पुरुष वर्ग वॉलीबॉल में प्रथम खरथा, द्वितीय आलबेड़ा एवं विशेष पुरस्कार खिलाड़ियों को दिया गया।

समापन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संतो दुगा ने कहा कि ग्रामीण अंचल में खेल खुद का होना बहुत अच्छी बात है। खेलकूद में शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, नैतिक विकास होता है वही गांव में एक त्यौहार जैसा माहौल बनता है। छोटे-छोटे बच्चे प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेलते हुए देखकर सीखने का मौका मिलता है, वही बच्चे आगे चलकर खेल को ब्लॉक जिला राज्य एवं देश के लिए खेल प्रदर्शन करते हैं। जनपद सदस्य भंडारे ने कहा प्रतियोगिता खेलकूद में हार जीत लगा रहता हैं। हारे हुए खिलाड़ियों को निराश होने की जरूरत नहीं है, विजयी खिलाड़ियों को उन्होंने शुभकामनाएं दी। सभा को अन्य अतिथियों के द्वारा संबोधन किया गया। समापन अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष संग्राम टेकाम, उपाध्यक्ष दुकाल सिंह नरेटी, मीनाक्षी उसेंडी, सचिव राजकुमार नेताम, रजलाल नेताम, सहसचिव सगराम आचला, ऋतु नेताम, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार नेताम, प्रेमसिंह उयके, संयोजक सूरज लाल नेताम, फूल सिंह नेताम, मायाराम तुलावी, दया तुलावी, ग्राम पटेल सियालाल तुलावी, ग्राम गायता नोहरू राम तुलावी, रामदयाल तुलावी, मेहर सिंह तुलावी, ग्राम प्रमुख सराधुराम तुलावी, रैजू राम कोमरा, उदेराम कोराम, बिरजू राम उयके, सुकालूराम कोला, राजूराम नेताम, रामसाय नरेटी, बंजारी राम नेताम, सुखलाल नरेटी, बांसु राम नरेटी, जयराम जैन, राजनाथ नेताम, जैनु राम कोमरा, सोमनाथ नेताम, जगदेव नेताम, सुखदेव नरेटी, दुर्गाराम साहू, वीर सिंह नरेटी, दानसाय नरेटी, रामजी राम उपस्थित रहे।

# सात स्थानों पर पुलिस की दबिश, देशी और अंग्रेजी शराब कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले की पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वालो के खिलाफ मुहिम छेड़ते हुए लगातार शराब कोचिए को पकड़ने के लिए उनके ठिकानो पर दबिश दे रही है। जिले के पुलिस ने 7 अलग अलग जगह पर रेड कार्यवाही करते हुए सात शराब कोचिए को पकड़ा व उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। जानकारी के अनुसार दुधावा चौकी अंतर्गत खजरावन निवासी 27 वर्षीय सुरेश कुमार नेताम पिता विक्रम सिंह के घर पुलिस ने 14 जनवरी को दोपहर ढाई बजें दबिश देते हुए आरोपी को धर बदोचा व उसके कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमत 700 रूपएं व नगद 300 रूपएं को जप्त किया। कच्चे चौकी पुलिस ने 14 जनवरी को शाम सवा 6 बजें स्कूलपारा कच्चे निवासी 42 वर्षीय संतुराम कावड़े पिता स्व. फुलसिंह कावड़े के कब्जे से 20 लीटर वाले प्लास्टिक के जरकीन में 8 लीटर महुआ शराब व नगद 150 रूपएं को जप्त किया। नरहरपुर थानांतर्गत अमोड़ा निवासी 34 वर्षीय उजियार मंडावी पिता तितरू मंडावी के कब्जे से 14 जनवरी को शाम करीबन 6 बजें दो पिला रंग के जनकिन में भरा हुआ 8 लीटर महुआ शराब कीमती 800 रूपएं व नगद 200 रूपएं को जप्त किया। कोरर थानांतर्गत कोलियारी निवासी 55 वर्षीय अर्जुन यादव पिता बोधीराम के कब्जे से 14 जनवरी को दोपहर 3 बजें 8 लीटर महुआ शराब व



बिक्री रकम 200 रूपएं और 14 जनवरी को दोपहर 3 बजें कोलियारी निवासी 55 वर्षीय तिहारू यादव पिता चमरा राम के कब्जे से 9 लीटर महुआ शराब व नगद 150 रूपएं जप्त किया। भानुप्रतापपुर पुलिस ने रानवाही के धान खरीदी केंद्र के पास 14 जनवरी को सुबह साढ़े 11 बजें रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी कोरर थानांतर्गत बयानार निवासी 26 वर्षीय मनकुराम कोरेटी पिता कृष्णा राम के कब्जे से 6 नग बियर, 3 नग देशी मंदिरा प्लेन शराब व एक नग बाम्बे गोवा विस्की कुल दो हजार बीस रूपएं की शराब को जप्त किया व पटेलपारा घोठा निवासी बलदेव कोरटी पिता स्व. खनु कोरेटी के कब्जे से 14 जनवरी को शाम साढ़े 5 बजें 2 नग बियर, दो बॉटल देशी मदिरा शराब, तीन पौवा मैकडोनल नंबर वन व 6 पौवा बाम्बे गोवा शराब कीमती 2 हजार 70 रूपएं को जप्त किया।

जिले के सातों थानों में सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## तीन दिवसीय रामसरोवर मानसगान प्रतियोगिता का हुआ समापन

# मानसगान से सामाजिक समरसता व एकता की मिलती है मजबूती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धनेलीकन्हार

विकासखंड कांकेर के ग्राम पोटगांव में तीन दिवसीय राम सरोवर मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन राम सरोवर मानस मंच के तत्वावधान में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि 500 वर्षों की लंबी लड़ाई के बाद यह क्षण आया है कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। इस दिन हम सभी को अपने घरो के आंगन में रंगोली बनाकर व दीप जलाकर दिपावली मनाने का अवसर है।

सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि यह एक ऐसा गांव है, जंहा सभी जाति, धर्म के लोग मिलकर आयोजन करते है। नशा नाश की जड़ है, इससे बचकर रहना है, इसके लिए सामुहिक प्रयास की आवश्यकता है।



नशा खोर आदमी महुआ पेड़ की तरह है, जिसमें फुल लगते ही पत्ते झड जाते है। विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि इस तरह के आयोजन को करने में बडी मेहनत लगती है। इस आयोजन से समाज में समाजिक समरस्तता व संगठन की भावना को मजबूती मिलती है तथा हमारे संस्कृति को जानने समझने में कारगर होती है। मैंने तीन महीने पहले आपके गांव में आकर आपसे आशीर्वाद मांगा था, आप सब ने मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया है, जिसका परिणाम है की में आज विधायक के तौर पर आपके बीच सेवक के रुप में हूं। आपका यह सेवक आपके हर सुख दुख में साथ देगा। आपने दिया है, अब मेरे देने की बारी है कहते हुए आयोजन समिति को नगद 5 हजार रुपए प्रदान किया। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भरत लाल मटीयारा, भाजपा मंडल अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष बिरेश ठाकुर ने भी विचार रखे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मकर सक्रांति के अवसर पर 12 जनवरी को ग्राम पंचायत के सरपंच व समिति सरक्षंक मानेश कुल्हरिया, संरक्षक गण छन्नु राम नायक, चन्द्र प्रकाश ठाकुर, युवा संरक्षक अब्दुल खलील खां, पुनेश्वर चुरेन्द्र, नकछेडा देहारी, समिति अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश टेकाम, उपाध्यक्ष भीम राम नायक के हाथो राघवेन्द्र सरकार के छायाचित्र की दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना के साथ किया। शुभारंभ के पूर्व ग्राम में शोभायात्रा व कलश यात्रा निकाली गई जो पूरे ग्राम का भ्रमण कर वापिस कार्यक्रम स्थल पर पहुची। कार्यक्रम के पहले दिन प्रदेश की ख्याति प्राप्त 7 मानस मंडलीयो ने अपनी प्रस्तुति दी। इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन 13 जनवरी को अयोध्या से लाए गए अक्षत को ग्राम के शीतला मंदिर में स्वागत कर मासनगान कार्यक्रम स्थल लाया। इस दिन 8 मानस मंडलीयो ने भाग लिया जिसमें, डॉ. चामेन्द्र भेडिया, नायब तहसीलदार योगिता भेडिया की उपस्थिति रहे।

# पिछड़ा वर्ग ने विभिन्न मांगों को लेकर भाजपा के पदाधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



**अंतागढ़।** पिछड़ा वर्ग समाज क्षेत्र के विधायक को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया। पूर्व में पिछड़ा वर्ग समाज के द्वारा अपने विभिन्न मांगों को लेकर हमेशा आंदोलन करते रहें हैं। नई सरकार आने के बाद पिछड़ा वर्ग समाज अपने मुख्य मांग को लेकर क्षेत्र के विधायक को ज्ञापन देने वन विभाग के विश्राम गृह अंतागढ़ में भाजपा के पदाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर अपने मांगों से अवगत कराया।

पूर्व में बस्तर संभाग पिछड़ा वर्ग समाज के द्वारा आंदोलन राजा राव पठार में किया गया था, जिसमें धरना प्रदर्शन के समय के दौरान असकरण पटेल, कलगांव अंतागढ़ विकासखंड निवासी की मृत्यु हो गई। उसके परिवार को क्षतिपूर्ति परिवार पालन पोषण के लिए सहायता राशि देने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। विधायक का विधानसभा क्षेत्र के दौरे कार्यक्रम पर होने पर भाजपा के पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने गए पिछड़ा वर्ग समाज के पदाधिकारी अंतागढ़ तहसील अध्यक्ष माधेश्वर जैन, उपाध्यक्ष बिरजू राम विश्वकर्मा, मुकेश निषाद, देवलाल विश्वकर्मा, रामसुख यादव, मुकेश विश्वकर्मा, नितिन गुप्ता, गोपाल पटेल, ज्योति जैन, आशीष यादव, युगल किशोर साहू, मुकेश एवं पिछड़ा वर्ग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### समाज को संगठित करने में राधाकृष्ण का रहा विशेष योगदान



**जगदलपुर।** बस्तर संभाग शौंडीक समाज के सामाजिक भवन में आज शोक सभा का आयोजन हुआ। 3 जनवरी को शौंडिक समाज के प्रदेश अध्यक्ष और वरिष्ठ समाज सेवक राधाकृष्ण गुप्ता का निधन हो गया है। राधा कृष्ण गुप्ता ने समाज को संगठित करने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके कार्यों व योगदान को याद करते हुए रविवार को बस्तर संभाग समाज के द्वारा सामाजिक भवन में उन्हें भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनके कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन सभा भी रखा गया। इस दौरान समाज के संभागीय अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, संस्थापक सदस्य अनिल प्रसाद गुप्ता, राजेश गुप्ता, उमेश गुप्ता सहित सत्य प्रकाश गुप्ता, राजकिशोर गुप्ता, सुनील गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, रोहित त्रिवेदी, पंडित अभय मिश्रा सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

### यज्ञ स्थल के लिए हुआ भूमि पूजन

**जगदलपुर।** धरमपुरा मार्ग स्थित गायत्री शक्तिपीठ के नव निर्मित भवन में मां गायत्री की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा आगामी माह में होना है। इस आयोजन के पूर्व 9 कुण्डीय यज्ञ होगा, नौ कुण्डीय यज्ञ के लिए बालाजी मंदिर से सटी हुई भूमि का चयन किया गया है। इस भूमि में यज्ञ कुंड निर्माण के लिए रविवार की सुबह 11 बजे भूमि पूजन किया गया। यज्ञ, हवन, आरती के बाद मंत्रो चारित जल को यज्ञ स्थल पर छिड़काव किया गया। यज्ञ शाला के समीप 3 एकड़ में बनाया जा रहा है। यज्ञ में आहुति देने शक्ति पीठ के ट्रस्ट मण्डल, निर्माण समिति और बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित रहे। विदित हो कि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 3, 4 और 5 फरवरी तक चलेगा। इसके लिए भवन की साज सज्जा की जा रही है। प्राण प्रतिष्ठा में हरिद्वार शांति कुंज से डॉ. चिन्मय पंड्या शामिल होंगे।

### जीवन में कैसे सफलता पाई जाए, छात्रों को दिए टिप्स

**जगदलपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तोकापाल में विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय प्रेरणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा 9 वी और 10 वी के विद्यार्थी उपस्थित रहे। प्रेरणा प्रवक्ता सुमन कार्तिक ने छात्रों को प्रेरित करने के लिए अपने अनुभव और जीवन लक्ष्यों को साझा किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा में कैसे सफलता प्राप्त की जा सके, समय का सदुपयोग और भविष्य को सफल बनाने के लिए वर्तमान में कैसे कार्य किया जाए। सकारात्मक सोच रखकर नकारात्मक विचार को दूर करने के तरीके बताए। इस दौरान प्राचार्य राजेश गुप्ता, अधीक्षक एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### नल से निकला कीड़ा

**जगदलपुर।** शहर के शिवाजी वार्ड निवासी रूपेश भागवत के घर के नल से सांप नुमा कीड़ा निकला है। ज्ञात हो कि वर्षों पुराना पाइप लाइन कई वार्डों में है। जिसके जर्जर होने से कीड़े निकलने की शिकायत आती रही है।

# एनएसएस शिविर छात्रों के व्यक्तित्व विकास का है शानदार मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

**छात्रों ने ग्रामीणों को किया जागरूक**



शाउमा विद्यालय कोयलीबेड़ा के 11 वीं एवं 12 वीं के छात्र- छात्राओं के द्वारा ग्राम पंचायत बदरंगी के आश्रित ग्राम मरदा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 7 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा गांव के प्रत्येक पारा मोहल्ला में जाकर सफाई अभियान चलाया गया। गाँव को स्चच्छ रखने का संदेश दिया। रात्रिकालीन में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के समापन में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य दिलीप बघेल ने कहा कि छात्र जीवन से ही अपने भविष्य को संवारने का अवसर प्राप्त होता है। ऐसे शिविर का आयोजन होने से सभी के लिए खुला मंच मिलता है। हर छात्र छात्राओं को मंच में अपने अपने विचार प्रकट करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बदरंगी ग्राम पंचायत सरपंच मनोहर गावड़े विशेष अतिथि सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष सहदेव उसेंडी रहे। अतिथियों ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत 7 दिवसीय शिविर में एनएसएस के कैडेट्स के द्वारा गाँव में कई प्रकार के कार्यक्रम किए और गाँव में उन कार्यक्रमों को लेकर जागरूक भी किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी बसंत लाल पदमाकर, प्राचार्य जीआर गड़यिा, कोयलीबेड़ा सरपंच संघ के अध्यक्ष सुखीराम उसेंडी, सरपंच साल्हेभाट बसंत ध्रुवा, सरपंच तुरसानी पाण्डे राम सलाम, जनपद सदस्य लखेश्वर ध्रुव, राजनाथ पोटाई, पंचम, उमेश शुक्ला, पन्ना लाल कौशल, लछिन्दर बघेल एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## आयोजन : आवास स्वीकृति पत्र, जॉब कार्ड, उज्ज्वला गैस, आयुष्मान कार्ड का वितरण

# मोदी की गारंटी के तहत समाज के अंतिम छोर में रहने वालों का भी हो रहा चहुंमुखी विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विभिन्न राज्यों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों से वर्चुअल संवाद किया तथा उनसे सीधी बातचीत कर विभिन्न योजनओं के तहत मिल रहे लाभ की जानकारी ली। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के नरहरपुर विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के लाभान्वित हितग्राही उपस्थित रहे। इसके अलावा अलग-अलग योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को अतिथियों ने आवास स्वीकृति पत्र, जॉब कार्ड, उज्ज्वला गैस, आयुष्मान कार्ड आदि वितरित किए।

■ प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि यह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ही सकारात्मक सोच का परिणाम है कि समाज की मुख्य धारा से वंचित वर्ग के लोगों के चहुंमुखी विकास को ध्यान में रखकर पीएम जनमन योजना संचालित की। यह मोदी की गारण्टी का ही सुखद परिणाम है कि प्रशासन के सहयोग से विभिन्न योजनाओं का लाभ कमार जनजाति के हितग्राहियों को दिया जा रहा है। विधायक नेताम ने विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने आगे आने और अपने अधिकारों के जागरूक होने की अपील की। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने पीएम जनमन योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना 25 दिसम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक संचालित है, जिसका मूल उद्देश्य विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति समूह की सामाजिक तथा आर्थिक स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार करना है, ताकि पीवीटीजी परिवारों का त्वरित गति से विकास सुनिश्चित किया जा सके। इसमें सामुदायिक अधोसंरचना में सुधार के साथ ही प्रत्येक परिवार को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके, इस मिशन के माध्यम से ऐसा सुनिश्चित किया जाने का प्रयास किया जा रहा है। जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार का संकेन्द्रण नरहरपुर विकासखण्ड में है, यहां के कुल 13 ग्रामों में कमार जनजाति समुदाय निवासरत है। जनगणना सर्वे के अनुसार यहां कमार परिवारों की कुल संख्या 72 है जिनकी कुल जनसंख्या 283 है, जिनमें पुरूष 147 तथा महिला 136 शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी के वर्चुअल संवाद कार्यक्रम के उपरांत जिला पंचायत के सभाकक्ष में विधायक और कलेक्टर के द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों को विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति-पत्र, मनरेगा योजना के तहत 06 को जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 04 को राशन कार्ड, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 04, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 03 हितग्राहियों को रसोई गैस, पीएम जनधन योजना के तहत 07 पासबुक वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड 08 आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 15 हितग्राहियों का कार्ड का वितरण किया गया।

#### मोबाइल मेडिकल वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

कार्यक्रम के उपरांत विधायक और कलेक्टर ने नवीन मोबाइल मेडिकल वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जिला पंचायत सीईओ सुमीत अग्रवाल ने बताया कि इसके सहित कुल तीन वाहन नरहरपुर क्षेत्र के उन 13 गांवों में सतत भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाएं देंगे, जहां विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग निवास करते हैं। सभी मेडिकल वाहनों में चिकित्सक मौजूद रहेंगे जो उनका सघन स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क औषधि देंगे।

#### कमार जनजाति ने अतिथियों को भेंट किया तीर- कमान

कार्यक्रम के बाद ग्राम दलदली के कमार जनजाति के लोगों ने विधायक एवं कलेक्टर को अपना पारम्परिक हथियार तीर-कमान भेंट किया। साथ ही छोटी टोकरी से बनी माला भी उन्हें पहनाई गई। उन्होंने विधायक व कलेक्टर को अपने गांव में आने का आमंत्रण भी दिया।

# राष्ट्रीय कैरम स्पर्धा में बस्तर के 4 खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंतरविद्युत मण्डलीय कैरम प्रतियोगिता (राष्ट्रीय स्तर) हेतु चयनित प्रदेश के 12 खिलाड़ियों में से जगदलपुर रीजन के 4 खिलाड़ी प्रतिभा दिखाएंगे। बस्तर के खिलाड़ियों में सलीम खान, एम.मार्लिन, कमलेश ठाकुर एवं अनवर अली शामिल हैं। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र द्वारा आयोजित पॉवर कंपनीज अंतरक्षेत्रीय कैरम प्रतियोगिता के पुरुष टीम चैम्पियनशिप में जगदलपुर रीजन की टीम विजेता बनी। स्पर्धा का आयोजन 9 से 11 जनवरी तक बीआईटी कॉलेज के बैडमिंटन हॉल में किया गया। स्पर्धा में पावर कंपनीज के नौ क्षेत्रों की टीमों यथा मेजबान टीम दुर्ग, कोरबा पूर्व, कोरबा पश्चिम, रायपुर केन्द्रीय, रायपुर, राजनांदगांव, जगदलपुर, मड़वा एवं बिलासपुर क्षेत्र के 72 खिलाड़ियों के बीच मैच खेले गए। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले आठ पुरुष एवं चार महिला खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय विद्युत मंडल प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

# नक्सलियों के गढ़ बटालियन नम्बर एक इलाके में खुला नया कैम्प




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के सर्वाधिक नक्सल प्रभावित व नक्सलियों के बटालियन नम्बर एक का गढ़ माने जाने वाले इलाके में एक सप्ताह के अंदर दूसरा नया पुलिस कैम्प खोलकर नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन चलाने की मुहिम शुरू कर दी गई है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि शुक्रवार को सुकमा जिले के चिंतागुफा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुकमा व बीजापुर जिले की सीमा पर ग्राम दुलेर एवं मेट्टागुड़ा के बीच नवीन कैम्प स्थापित किया गया है।

यह इलाका नक्सलियों के पीएलजीए बटालियन नंबर एक के मुख्यालय के रूप में पहचान रखने वाले क्षेत्र में डीआरजी, बस्तर फाइटर, जिला बल, कोबरा 201, 206 बटालियन व सीआरपीएफ 2 बटालियन के विशेष सहयोग से नवीन कैंप स्थापित किया गया। पिछले एक सप्ताह में सुकमा पुलिस एवं सीआरपीएफ ने इलाके में दूसरा कैंप खोला है। नवीन कैंप स्थापित होने से नक्सलियों के पीएलजीए बटालियन के खिलाफ ऑपरेशन में तेजी आएगी। नवीन कैंप स्थापना होने से नक्सलियों के गढ़ कहे जाने क्षेत्र में एक ओर जहां ग्रामीणों को नक्सल आतंक से राहत मिलेगा वहीं दूसरी ओर आस पास के क्षेत्र में निवास करने वाले लोग मुख्यधारा से जुड़ेंगें और लोगों को शासन के द्वारा चलाए जा रहे विकासात्मक कार्यों सड़क, पुल-पुलिया, भवन, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं, मोबाईल कनेक्टिविटी व अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं लाभ मिलेगा।

# शिक्षा के बिना विकास की कल्पना अधूरी : सावित्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




वनांचल पहाड़ी पर स्थित शाउमा विद्यालय तरान्दुल में द्वितीय वर्ष वार्षिक उत्सव, विज्ञान प्रदर्शनी, पारम्परिक आदिवासी संस्कृति का खाना खजाना, उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

■ तरांदुल में विज्ञान प्रदर्शनी, स्वास्थ्य शिविर, स्मृति सम्मान एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मांडवी ने कहा कि शिक्षा के बिना विकास की कल्पना अधूरी है, पढ़ लिखकर ही बच्चे विकास के मुख्यधारा से जुड़ सकते हैं। सेवा निवृत्त शिक्षक के बारे में कहा कि अपने जीवन के 41 साल बीहड़ वनांचल क्षेत्र के बच्चों के भविष्य बनाने में लगा दिए, ऐसे शिक्षक समाज में अभी विरले मिलते है। उन्होंने कहा कि वनांचल पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसे भव्य कार्यक्रमो का आयोजन मैंने अपने जीवन में कभी नहीं देखा था, जिस जगह को काला पानी कहते थे, आज स्वर्ग से सुंदर हो चुका है। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव ने कहा कि तरांदुल संस्था की पहचान अब विकासखंड, जिला नहीं बल्कि राज्य और राष्ट्रीय लेवल पर हो चुकी है। यहां साल भर ऐसे कार्यक्रम आयोजित होता है, जो शहरी क्षेत्र में कोई संस्था नहीं कर सकता। यहां के पदस्थ शिक्षक आदिवासी बच्चों के शिक्षा और संर्वागीण विकास के लिए समर्पित है। जिला शिक्षा अधिकारी भुवन जैन ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक ब्रिजलाल उइके के बीहड़ क्षेत्रों में किए गए कार्यों कि प्रशंसा करते हुए कहा कि वनांचल पहाड़ी पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों के मानसिक विकास में जो कार्य किया जा रहा है, वह उल्लेखनीय है। बड़ी-बड़ी संस्थाओं में ऐसे कार्यक्रम नहीं होते बावजूद एक छोटी सी संस्था ने लोगों को बता दिया कि यदि लग्न जज्बा और कुछ कर गुजरने की ठान ले तो किसी भी कार्य को किया जा सकता है।

आयोजित कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत रिजल्ट वाले शिक्षक शिक्षिका का सम्मान, बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं निर्धन छात्र के अंतर्गत छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं सभी विधाओं खेल नृत्य, लोक नृत्य-मांदरी, रंगोली, अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

BHARTI VISHWAVIDYALAYA
Established under C.G. Private University (Establishment and Operation) Act, 2005
recognized u/s 2(f) UGC Act 1956
Email : registrar@bhartiuniversity.org , bhartiuniversity.in@gmail.com
Applications are invited for the position of
VICE-CHANCELLOR
A distinguished academician, with experience as a professor in a reputed organization and proof of demonstrated academic leadership.
Professor, Associate Professor, Asst. Professor
Applications are invited for the following departments:- Pharmacy, ME, CSE, CE, EE, ET&T, Commerce, Mgnt, Hotel Mgt, Education, Chemistry, Physics, Botany, Sanskrit, Zoology, Forensic Science, Sociology, Microbiology, Law, Maths, Biotech, History, Economics, Geography, Hindi, English, Psychology, Political Sc, Computer Science & IT, Library, Journalism & Mass Comm. and Non Teaching Staff on Regular and Adhoc Basis.
Interested candidates may send their resume with all testimonials within 10 days to bhartiuniversity.in@gmail.com
Eligibility & pay scale : As per UGC/ Statutory norms.
Registrar
Website : www.bhartiuniversity.org

## पेज 11 के शेष ...

### जिला स्तरीय शाला ...

सामग्री वितरण किया गया। राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स व्याख्याता अखिलेशकर शर्मा और पवन कुमार सेन के द्वारा सभी विकासखंडों से चयनित दो-दो कुशल मास्टर ट्रेनर्स बीआरजी को एसएमसी शेडयूल अनुसार एसएमसी गठन, क्रियान्वयन एवं प्रत्येक विषय वस्तु को गतिविधि के माध्यम से चर्चा-परिचर्चा करते हुए प्रशिक्षणार्थियों के समक्ष सारी बिंदुओं को विस्तार से सभी को बताया। मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण में जन समुदाय को शालाओं से जोड़ने, शाला त्यागी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान, पालक बालक सम्मेलन का आयोजन, माताओं को जोड़कर गतिविधियों ने शामिल कराना, सारी गतिविधियों का प्रदर्शन करवाते हुए एसएमसी से संबंधित सारी बिंदुओं में अच्छी समझ विकसित करने की जानकारी दी।

### ट्रक ने मारी बाइक ...

को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया, जिससे गोविन्द राम साहू के सिर मे गंभीर चोट आने से मौके पर मौत हो गया है और तनुज के पैर मे चोट आया है। ट्रक में लौह अयस्क भरा हुआ था। ठोकर मारने के बाद ट्रक सड़क से नीचे उतरकर खेत में चला गया था, जो 15 जनवरी को दिनभर वहीं पड़ा रहा। लौह अयस्क को खाली करने के बाद ही ट्रक बाहर आ पाएगा। कांकेर पुलिस ने लापरवाही बरतने वाले वाहन ट्रक क्रमाक सीजी 04 जेडी 3687 के चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 (ए ) के तहत अपराध दर्ज किया और मर्ग कायम कर शव का पंचनामा किया गया। शव का 15 जनवरी को पीएम करवाकर परिजनों को सौंपा गया।

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी
मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
डॉ. अभिषेक लॉज एम.एस. ऑर्थो (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
डॉ. नरेश देवांगन एमबीबीएस, न्यूरो सर्जन (मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ)
डॉ. गौरव त्रिपाठी कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. मुरारी वशानी डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जन
डॉ. यतीन देवांगन प्लास्टिक सर्जन
डॉ. उत्कर्ष नंदा एम.एस.सर्जन (जनरल सर्जन)
डॉ. एस.दास एमबीबीएस, एमडी (मैडीसिन विशेषज्ञ)
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ.आकाश अग्रवाल यूरोलॉजी

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153, 4074154
8817428621, 6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

